>

Title: Need to set up a Passport Seva Kendra in Etawah, Uttar Pradesh-Laid

डॉ. रामशंकर कठेरिया (इटावा): मेरे लोक सभा क्षेत्र इटावा में लोगों को पासपोर्ट बनवाने के लिए इटावा से अन्य जगह जाना पड़ता है जिसके कारण उन्हें काफी परेशानियां होने के साथ-साथ यात्रा कर दूर जाने पर पैसा और समय भी लगता है । मेरा लोक सभा क्षेत्र अति पिछड़ा होने के कारण बहुत से लोगों को विदेश जाकर मजदूरी का कार्य करते हैं जिससे उनके परिवार का भरण-पोषण हो पाता है । ऐसे लोगों को पासपोर्ट बनवाने के लिए आगरा और कानपुर जाना पड़ता है जो बहुत ही घनी आबादी वाले शहर होने के कारण इटावा के लोगों को वहां जाकर पासपोर्ट बनवाने में काफी परेशानी होती है ।

अतः मेरी सरकार से मांग है कि मेरे लोक सभा क्षेत्र इटावा में जल्द से जल्द एक पासपोर्ट सेवा केन्द्र खोला जाए जिससे आम जन को पासपोर्ट बनवाने के लिए सहज और सुगम बनाया जा सके ।